गृह विभाग, उत्तराखण्ड शासन

04, सुभाष रोड़, देहरादून-248001

संख्या-371711/XX-3/2026-04(14)2013/ई-35773 देहरादून, दिनांक 17 फरवरी, 2026

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा उत्तराखण्ड मानव अधिकार आयोग, देहरादून में मार्च, 2026 में रिक्त हो रहे अध्यक्ष एवं सदस्य (गैर न्यायिक) के 01-01 पद पर नियुक्ति हेतु क्रमशः 'मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993' (यथासंशोधित) की धारा-21 (2) (क) एवं धारा-21 (2) (ग) में उल्लिखित प्राविधान/योग्यता के अनुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। अधिनियम की धारा-24 के प्राविधानुसार उक्त पदों पर नियुक्त किया गया व्यक्ति 03 वर्ष की अवधि तक या सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक, इनमें से जो भी पहले हो, अपना पद धारण करेगा।

2- अध्यक्ष एवं सदस्य पद हेतु वेतन, भत्ते एवं सेवा के अन्य निबन्धन और शर्तों का निर्धारण 'उत्तराखण्ड मानव अधिकार आयोग, अध्यक्ष तथा सदस्य (वेतन, भत्ते तथा सेवा के अन्य निबंधन तथा शर्तें) नियमावली, 2016 के अनुसार किया जायेगा।

3- उत्तराखण्ड मानव अधिकार आयोग में अध्यक्ष एवं सदस्य के पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक योग्य व्यक्ति अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर समस्त शैक्षिक / अनुभव -प्रमाण पत्रों सहित स्वयं अथवा पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट / कोरियर के माध्यम से दिनांक 06 मार्च, 2026 सायं 06.00 बजे तक निम्नलिखित पते पर उपलब्ध करा सकते हैं:-

अपर सचिव, गृह विभाग, उत्तराखण्ड शासन, सोबन सिंह जीना भवन, भू-तल, कक्ष सं०-06, सचिवालय परिसर, 04- सुभाष रोड, देहरादून - 248001

4- आवेदन पत्र के लिफाफे पर 'उत्तराखण्ड मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष / सदस्य पद हेतु आवेदन पत्र' अंकित होना चाहिए। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जायेगा।

(अपूर्वा पाण्डे)
अपर सचिव

आवेदन-पत्र का प्रारूप

1. नामः ....
2. आवेदित पद का नामः ....
3. पिता/पति का नामः ....
4. जन्म तिथि: ....
5. आयु: (आवेदन की अंतिम तिथि को) ....

[स्व-सत्यापित नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो चिपकायें।]

6. स्थाई पता: ....
7. वर्तमान / पत्राचार का पताः ....
8. ई-मेल: ....
9. दूरभाष / मोबाईल / फैक्स (एस०टी०डी० कोड सहित) ....
10. शैक्षिक योग्यता- ....
11. वर्तमान व्यवसाय- ....
12. कार्यानुभव/उपलब्धियां / किये गये विशिष्ट कार्य (अधिकतम 01 पृष्ठ में) ....

घोषणा

मैं घोषणा करता/करती हूं कि आवेदन पत्र में दी गयी सूचना / विवरण मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य हैं। यदि कोई सूचना / विवरण गलत पाया जाता है, तो मेरा आवेदन पत्र निरस्त किये जाने पर मुझे आपत्ति नहीं होगी।

दिनांक...................... हस्ताक्षर......................

स्थान...................... पूरा नाम......................